Hiralal Mazumdar Memorial College for Women
LIBRARY
Dakshineswar, Kolkata – 700 035

WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Programme 6th Semester Examination, 2022

HINGDSE03T-HINDI (DSE2)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) निराला कृत 'राम की शक्तिपूजा' की रचना का आधारग्रंथ कौन सा है ?

(ख) कविता को ''कल्पना के कानन की रानी'' किसने कहा है ?

(ग) निराला द्वारा रचित प्रसिद्ध शोकगीत कौन सा है ?

(घ) ''निराला से बढ़कर स्वच्छंदतावादी कवि हिंदी में कोई नहीं है।''– यह कथन किसका है।

(ङ) 'राग-विराग' पुस्तक के लेखक कौन है ?

2. निम्नलिखित पदों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) खड़ी है दीवार जड़ की घेरकर,
बोलते है लोग ज्यों मुँह फेरकर,
इस गगन में नहीं दिनकर,
नहीं शशधर, नहीं तारा!

(ख) चौंक पड़ी युवती
चकित चितवन निज चारों ओर फेर,
हेर प्यारे को सेज-पास,
नम्र मुख हँसी-खिली,
खेल-रंग प्यारे संग

(ग) देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार,
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से,
जो मार खा रोई नहीं,
सजा सहज सितार
सुनी मैंने वह नहीं जों थी सुनी झंकार।

(घ) देख-देख नाचता हृदय
बहने को महा विकल-बेकल,
इस मरोर से—इसी शोर से—
सघन घोर गुरु गहन रोर से
मुझे गगन का दिखा सघन वह छोर।
राग अमर। अंबर में भर निज रोर।

(ङ) ''दिये है मैने जगत को फूल-फल,
किया है अपनी प्रतिभा से चकित-चल
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल
ठाट जीवन का वही
जो ढह गया है ।''

3. ''निराला हिंदी साहित्य के युगांतकारी कवि हें।''— कथन के आलोक में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 15

अथवा

निराला के काव्य की भाव एवं कलापक्षीय विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

4. ''निराला प्रगतिवाद के अग्रदूत हैं।''— इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

'स्नेह निर्झर बह गया' कविता की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——